प्रेषक

ई-मेल / महत्वपूर्ण / कोर्ट केस

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0प्र0
अनुभाग-4, लखनऊ ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संख्या- 3765/4-1बी/2016, दिनांक 30 मई, 2016

विषय- लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषय परिषदादेश संख्या 2749/4-1बी/2016, दिनांक 18-4-16 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें जो लेखपाल भर्ती 2015 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश है। इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लेखपाल भर्ती 2015 में चयन के पश्चात नियुक्त लेखपाल के प्रशिक्षण की कार्ययोजना के संबंध में निम्न बिन्दुओं पर दिनांक 31-5-16 तक अनिवार्य रूप से बिन्दुवार सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

1- लेखपाल भर्ती 2015 में अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के परीक्षाफल घोषित करने की तिथि
2- लेखपाल भर्ती 2015 में अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति हेतु संबंधित उप जिलाधिकारी को निर्देश निर्गत करने की तिथि।
3- उप जिलाधिकारी द्वारा चयन के पश्चात नियुक्ति लेखपालों को नियुक्ति पत्र निर्गत करने की तिथि।
4- चयन के पश्चात नियुक्ति लेखपालों का मण्डलीय राजस्व प्रशिक्षण विद्यालय में पंजीकरण कराये जाने की तिथि।
5- राजस्व प्रशिक्षण विद्यालय के प्रधानाचार्य के सहयोगार्थ नामित नायब तहसीलदार व तहसीलदार का नाम व मोबाईल नम्बर ।
6- लेखपाल भर्ती 2015 में अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को चयन के पश्चात नियुक्ति प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण कराये जाने वाले स्थान का नाम।
7- लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 में चयन के पश्चात नियुक्त प्रशिक्षार्थियों की संख्या जिन्हें प्रशिक्षण दिलाया जाना है।
8- चयन के पश्चात नियुक्त प्रशिक्षार्थियों की संख्या के दृष्टिगत बनाये गये बैच व बैच में अभ्यर्थियों की संख्या।
9- लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 में चयन के पश्चात नियुक्त प्रशिक्षार्थियों के प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की तिथि।
10- लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 में चयन के पश्चात नियुक्त प्रशिक्षार्थियों के प्रशिक्षण हेतु नोडल अधिकारी व पर्यवेक्षक अधिकारी का पदनाम व मोबाईल नम्बर।

भवदीय,

30/5/16

( महेन्द्र सिंह )
उप भूमि व्यवस्था आयुक्त,
कृते आयुक्त एवं सचिव।